## एक नजर में

### भागवत कथा महोत्सव में बह रही भक्ति की रसधारा

**ब्यावरा 04 सितंबर, का.** स्थानीय कृषि उपज मंडी परिसर में श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का भव्य आयोजन चल रहा है. कथा का आज समापन होगा. मंडी परिसर में कथा प्रवक्ता पंडित सतीश नागर द्वारा सुमधुर भजनो के साथ कथा की जा रही है. 30 अगस्त से शुरु हईकथा में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिकों ने शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया. कथा ने श्रोताओं को खासा प्रभावित किया. कथा का समय दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक रहा. कथा का आयोजन श्री सिद्धी विनायक गणेश समिति कृषि उपज मंडी के तत्वावधान में रखा गया. धर्मप्रेमी नागरिकों से आज समापन अवसर पर कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया है.

### एकजूटता से रहना चाहिए परिवार में

**छापीहेड़ा 04 सितम्बर, सं.** समीपवर्ती ग्राम स सिकंदरी श्री राम मंदिर प्रांगण में हो रही सप्त दिवस श्रीमद् भागवत के दूसरे दिन कथा में धर्म और सत्संग की महत्व पर प्रकाश डाला कथा वाचक पंडित मुरलीधर व्यास ने कहा कि भगवान आशुतोष शिव जी के परिवार को देखकर संसारी मनुष्य को ज्ञान लेना चाहिए कि हम परिवार में एक जुट होकर रहे भगवान शिव बैल पर बैठते हैं. माता पार्वती शेर की सवारी करती और शिव के बड़े पुत्र स्वामी कार्तिकेय मोर पर बैठते हैं शंकर जी के गले में सर्प का हार पहनते हैं पर दोनों एक साथ रहते हैं भगवान शिव जी का दुनिया को संदेश है की एक जुट होकर रहना चाहिए. पंडित मुरलीधर व्यास ने ग्राम सिकंदरी में श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा दूसरे दिवस भगवान शिव जी के विवाह की कथा में जनमानस को श्रवण कराई ग्राम समिति के सदस्यों ने बताया पटेल साहब लक्ष्मी नारायण पटेल भारत सिंह सिद्धनाथ बडाघर वाले और कार्यकर्ता राधेश्याम नागर पूर्व सरपंच बंसीलाल नागर देव सिंह पंडा जी समिति सदस्यों ने बताया की कथा का समापन 9 सितंबर को होगा जिसमें पूर्णाहुति के बाद प्रसादी का वितरण किया जाएगा.

### भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक

**राजगढ़ 04 सितम्बर, का.** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला प्रबंध समिति राजगढ़ की बैठक मंगलवार को कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसायटी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में समपन्न हुई. बैठक में जिला सचिव रेडक्रॉस सोसायटी संजय शेखर शर्मा एवं सदस्य रेडकॉस डॉ. राकेश गुप्ता,मार्तंड सिंह सौलंकी, मनोज सिंह हाड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला उपस्थित रहे. बैठक में प्रबंध समिति के सदस्यों ने उपस्थित रहकर रेडक्रॉस की पिछले एक वर्ष में आयोजित गतिविधियों की समीक्षा की तथा आगामी वर्ष में संचालित की जाने वाली गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई. बैठक में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की मध्यप्रदेश राज्य शाखा द्वारा राज्य स्तरीय प्रबंध समिति में जिला रेडक्रॉस सोसायटी राजगढ़ से एक प्रतिनिधि का निर्वाचन कर नाम भेजने के निर्देश दिए गए है. जिला रेडक्रॉस सोसायटी राजगढ़ की प्रबंध समिति द्वारा जिला शाखा की ओर से डॉ. राकेश गुप्ता को प्रतिनिधित्व करने के लिए सर्वसम्मति से चुना गया। बैठक में जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विशेष अभियान चलाकर एक माह में प्रथम फेज में लगभग 500 लोगों को आजीवन सदस्यता प्रदाय किये जाने का लक्ष्य तय किया गया.

# मेरी रगों में भी नेवज का पानी बहता है : विजयवर्गीय

## पचोर में कई स्थानों पर हुआ जोरदार स्वागत, नगर में रोड शो निकाला, सारंगपुर और पड़ाना में भी हुआ स्वागत

**पचोर को मिली 15 करोड़ 35 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने किया भूमिपूजन व लोकार्पण**





पचोर. कद्ब बिनेट मंत्री कैलाश विजयगर्वीय का नपाध्यक्ष ने आत्मीय सम्मान किया. इस दौरान नगर में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया.

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 04 सितम्बर, का.** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पचोर में 15 करोड़ 35 लाख रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, नारायण सिंह पंवार, सांसद रोडमल नागर, विधायक खिलचीपुर हजारीलाल दांगी, विधायक राजगढ़ अमर सिंह यादव, जिला भाजपाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर उपस्थित रहे. मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत छोटा पुल पचोर से कार्यक्रम स्थल तक रोड शो के माध्यम से किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रतिमा स्थल पर अतिथियों के स्वागत से हुई. तत्पश्चात भारत माता पूजन, कन्या पूजन एवं संत सम्मान किया गया. मंच पर सभी अतिथियों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किए गए. इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की बहनों एवं पार्षदों द्वारा मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय को राखी बाँधी और प्यारे भैया कैलाशजी के नारे लगाए. साथ ही नगरीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा भी नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का स्वागत किया गया. इसके उपरांत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ.

कार्यक्रम को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल और नारायण सिंह पंवार ने भी संबोधित किया. मंत्री टेटवाल ने कहा कि हमारी सरकार लगातार जनकल्याण और विकास के कार्य के प्रति कटिबंध है. प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पचोर की धरा पर हार्दिक स्वागत वंदन अभिनंदन करता हूं. साथ ही राज्यमंत्री नारायण सिंह पवार ने कहा कि नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पराए नहीं है आप राजगढ़ जिले को गोद ले लीजिए. सांसद रोडमल नागर ने संबोधित करते हुए कहा कि कैलाश जी ने इंदौर को मध्यप्रदेश ही नहीं पूरे देश मे एक नई पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई है. इस दौरान कार्यक्रम को खिलचीपुर विधायक हजारी लाल दांगी, राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव, श्रीमती मोना सुस्तानी एवं पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा ने भी संबोधित किया.

### पार्षद का मोबाईल, व्यापारी के नगदी चोरी

सभी और रोड शो के दौरान चोरों और जेबकतरों ने भीड़ का फायदा उठाकर बोड़ा निवासी चंदर सिंह जादम के 50 हजार रूपए चोरी कर दिए. चंदर सिंह इलेक्ट्रिक दुकान चलाते है. वहीं पचोर निवासी दुर्गाप्रसाद राजौरे की जेब से नगदी उड़ा दी. इसके अलावा नगर के वार्ड 2 के पार्षद और भाजपा नेता बद्रीलाल भण्डारी का मोबाईल भी चोरी कर लिया. सभी ने मामले की पुलिस को शिकायत की है.

### पचोर को नगर पालिका बनाने की मांग पर मंजूरी

पचोर में कुल 15 करोड़ 35 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया गया. जिनमें कार्यालय भवन अटल विकास, सीसी रोड, नाली निर्माण एवं बाउंड्री वॉल, मांगलिक भवन मां दयालू एवं बड़ा मंदिर (सांसद निधि) सामुदायिक भवन, शिवालय मंदिर फर्श निर्माण, सड़क निर्माण, शेड निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था हेतु सीसीटीवी कैमरा स्थापना, बिलापुरा सामुदायिक भवन, कंजरपुरा डामरीकरण, पेवर ब्लॉक निर्माण, वार्ड 6 सामुदायिक भवन निर्माण, अटल पथ छोटा पुल से भोजपुरिया डिवाइडर निर्माण तथा वार्ड 9 मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक निर्माण आदि शामिल हैं. नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने उद्बोधन में देवियों को प्रणाम किया और कहा कि राजगढ़ जिले में 4 सिंचाई परियोजनाएँ हैं और पार्वती-कालीसिंध नदियों के जुड़ने के बाद जिला हरा-भरा हो जाएगा.

### सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में डॉ. टैटवाल ने आरती की

**सारंगपुर 04 सितम्बर, सं.** जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर अकोदिया नाका सारंगपुर पर भगवान गौरीनंदन विघ्नहर्ता श्री गजानंद गणपति महाराज की आरती एवं महाप्रसादी का आयोजन पूर्व महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष संजय विजयवर्गीय द्वारा किया गया महा आरती में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ, गौतम टेटवाल की उपस्थिति में संपन्न किया गया. इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जी जैन मंडल अध्यक्ष महेश जी पुष्पद ,हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव जी भल्ला महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम जी पुष्पद,पूर्व महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष संजय विजयवर्गीय, नपा उपाध्यक्ष नीलेश वर्मा, पार्षद सुनील बागवान, निकेश पुष्पद, कपिल धनगर, राजेंद्र गुप्ता, गौरव सोनी, सतीश गिरजे, जितेंद्र सोलंकी, संतोष धनगर, ओम धनगर, पप्पू सेन, श्याम जाटव, अभिषेक मिश्रा, अभिजीत नहर, महेश पाटीदार, मनोहर सोनी और विजय सोनी, शुभम जोशी, राजेश धनगर, सिद्धिविनायक गणेश मंदिर समिति के सभी सदस्य मातृशक्ति एवं धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित रहे.

## फिर से शुरू हुई बारिश और गौ वंश की फजीहत

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 04 सितंबर, का. अत्यधिक बारिश अब बेसहारा गौवंश के लिए कहर बन रही है. कोई ठोर ठिकाना नहीं होने से खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर गौवंश बारिश का प्रकोप नहीं झल पा रहे है और रोजाना दर्जन भर गौवंश दम तोड़ रहे है.**

गौरतलब है कि सालों पूर्व हुई गणना के अनुसार जिले में 65 हजार से अधिक की संख्या में बेसहारा गौवंश है जो कि खुले आसमान के नीचे रह रहे है, जबकि अब इनकी संख्या कहीं अधिक है. इनके लिए किसी प्रकार की कोई छत, छांव नहीं होने से तेज बारिश से गौवंश बेहाल हो रहा है. अनवरत् रुप से हो रही तेज बारिश ने मुसीबत और बढ़ा दी है. हाईवे, मुख्य मार्ग, चौराहों, गली-मोहल्लो, गौशाला में गौवंश की मौत होने का सिलसिला जारी है.

जानकारी के अनुसार गुरुवार को नगर में दर्जन भर गौवंश मृत अवस्था में मिले. कृषि मंडी के समीप कॉलोनी से 2 गौवंश, 1 बखतपुरा से, एक गौशाला से 5 तथा एक अन्य गौशाला से 1 गौवंश, 1 रेलव स्टेशन क्षेत्र व अन्य जगह से गौवंश मृत अवस्था में मिला.

शासन, प्रशासन स्तर पर बेसहारा गौवंश के लिए छत, छांव एवं उनके संरक्षण हेतु अनेक प्रयास किए गये. लाख दावे किए गये कि अब हाईवे, चौराहों, सडकों पर रहने वाले बेसहारा गौवंश को संरक्षण देते हुए उन्हें गौशाला व अन्य सुरक्षित स्थानों पर रखा जाएगा. किंतु बेसहारा गौवंश को कोई सहारा नहीं मिल सका. आज भी हजारों की संख्या में गौवंश हाईवे, चौराहों पर देखे जा सकते है. आये दिन सड? दुर्घटनाओं में यह जान गवां रहे है या फिर गंभीर रुप से घायल होकर अपाहिज हो रहे है.

**गौशालाएं ऊंट के मुंह में जीरे के समान-** जिस तरह से जिले में गौवंश की संख्या है उसको देखते हुए यहां जो गौशाला है वह ऊंट के मुहं में जीरे के समान है. ऐसे में गौवंश के संरक्षण के लिए समन्वित प्रयास होना जरुरी है ताकि बेसहारा गौवंश को राहत मिल सके.



## साईं मंदिर का ताला तोड़कर नगदी की चोरी

### चोरों की नजरें दुकानों-मकानों के साथ ही मंदिरों पर

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 04 सितम्बर, सं. अब तक दुकानों, मकानों के ताले चटकाने वाले बदमाश की नजर मंदिरों पर भी पड़ गई है. मंदिरों में लोगों की श्रद्धा से जमा दान राशि का पैसा भी चोरी कर रहे है.** खिलचीपुर में साई मंदिर के गेट तोड़कर 5 हजार रुपए चुरा लिए. चोर मंदिर से साउंड सिस्टम और इंडक्शन चूल्हा भी ले गए. गुरुवार सुबह पुजारी जब पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे, तब उन्हें चोरी का पता चला. मंदिर का गेट टूटा हुआ था और दान पात्र क्षतिग्रस्त मिला. पुजारी ने तुरंत मंदिर समिति अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सोनी को सूचित किया. अध्यक्ष ने पुलिस को जानकारी दी. पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है. श्रद्धालुओं ने धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है.

## सड़क निर्माण बन रहा आफत, घरों में घुस रहा बारिश का पानी

### मामले को लेकर हुआ हंगामा, सीएमओ ने टीम भेजकर मामले को शांत कराया

नवभारत न्यूज

**तलेन 04 सितम्बर, सं. केंद्रीय सडक निधि से अंतर्गत 65.5 करोड़ की लागत से बने तलेन महू रोड का निर्माण लगभग पूर्णता की ओर है. लेकिन ठेकेदार द्वारा तलेन नगर मे बने सी सी रोड पहले तो दोनों साइड को कम कर दिया गया. दोनों साइड नालिया बनानी थी मगर ठेकेदार ने नालिया नहीं बनायीं.**

जिसमें नगर के देवल छतरी शिवालय व वार्ड 15 व कसाई मोहल्ले की मस्जिद की गली सबमे पानी भरा गया है जिससे आम जनता को काफी परेशानिया का सामना करना पड़ रहा है.



वही रोड ठेकेदार द्वारा रोड निर्माण के समय आम जनता को गुमराह किया गया जिसमे निर्माण के बाद नालिया निर्माण की बात कही थी मगर मगर अब ठेकेदार नाली निर्माण की मना कर रहा है. वही इस समस्या को लेकर बुधवार व गुरवार को काफी हंगामा हुआ जिसके बाद मुख्य नगर परिषद अधिकारी गोविन्द सिंह मेचन अपनी नगर परिषद टीम को लेकर सारंगपुर रोड पर पहुंचे सी एम को द्वारा दोनों पक्षो मे सामजस्य बना कर आस्थाई पानी की निकासी के लिए रोड खोद कर पाईप डालने की व्यवस्था की गयी.

### बुनकरों का प्रतिनिधि मण्डल पहुंचा राजधानी

**पड़ाना 04 सितम्बर, सं.** सारंगपुर एवं पड़ाना का बुनकरो का एक प्रतिनिधिमंडल भोपाल जाकर अतिरिक्त मुख्य सचिव एस के गुप्ता एवं आयुक्त हस्त शिल्प एवं हथकरघा मदन कुमार से प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की एसके गुप्ता ने मध्य प्रदेश हस्तशिल्प विकास निगम भोपाल के सभागार में बुनकरों की एक बैठक लेकर उनके रोजगार में आ रही समस्याओं को विस्तार से सुना बुनकर समिति के प्रतिनिधिमंडल जिसमें कोऑपरेटिव समिति इकाई एवं स्वयं सहायता समूह के लोग शामिल थे इस दौरान बुनकरों ने बताया कि सारंगपुर एवं पड़ाना क्षेत्र के बुनकरों को जॉब वर्क समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है. बुनकरों को मजदूरी का भुगतान भी समय पर नहीं मिल रहा है. ऐसी विभिन्न समस्याए एवं पिछले दो वर्षों से कमर्शियल उत्पादन का धागा भी प्राप्त नहीं होना प्रमुख समस्या से अवगत करवाया इस दौरान आयुक्त मदन कुमार एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव एस के गुप्ता के समक्ष अपनी मांगों का ज्ञापन पत्र भी सोप कर कहा की कमर्शियल उत्पादन करने के लिए एनएचडीसी से ही धागा किया जाए किया जाए.

## जलझूलनी ग्यारस पर विमानों में निकले ठाकुरजी

नवभारत न्यूज

**तलेन 04 सितम्बर, सं.** बुधवार को डोल ग्यारस का पर्व नगर तलेन में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया. नगर की हिंदू धार्मिक उत्सव समिति के तत्वाधान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी परंपरा अनुसार डोल ग्यारस पर विमानों का चल समारोह नगर में निकाला गया. इस चल समारोह में नगर के पुरबिया पूरा मंदिर, महेश्वरी मंदिर,माली मोहल्ला मंदिर राधा कृष्ण मंदिर मंडलोई पुरा, भोईपुरा मंदिर, बड़ा मंदिर, चौधरी पुरा मंदिर, हनुमान पुरा मंदिर व आदि मंदिरों से विमान शामिल हुए. विमानों को पुष्पमाला आदि से सुसज्जित किया गया. वही चल समारोह में शामिल भजन कीर्तन मंडलियों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई साथ ही श्रद्धालु आलकी के पालकी जय कन्हैया लाल की के जय घोष करते हुए चल रहे थे. चल समारोह के दौरान नगर में जगह-जगह विमानों में विराजमान भगवान की नगर वासियों द्वारा पूजा अर्चना की गई. विमानों का चल समारोह नगर के विभिन्न मार्गो से होता उगल नदी के तट पर पहुंचा. उगल नदी के तट पर भगवान का जल विहार जल आचमन करवाया गया तथा महाआरती हुई.



**अव्यवस्था** पानी का तेज बहाव होने से पुल पर स्टॉप डेम में पानी नहीं रुक पाया. हालांकि इसके आगे रपटे पर पानी को रोका

## गणेश विसर्जन से पहले बहने लगा स्टॉप डेम का पानी

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 04 सितंबर, का. गणेश महोत्सव के समापन पर झांकी पाण्डालों, घर, प्रतिष्ठानों में स्थापित गणेश जी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा. इसके लिए नगर पालिका परिषद द्वारा पूर्व की तरह स्थानीय इंदौर नाका नदी पुल पर व्यवस्था करते हुए तैयारी की है. पानी का तेज बहाव होने से पुल पर स्टॉप डेम में पानी नहीं रुक पाया. हालांकि इसके आगे रपटे पर पानी को रोक दिया गया है.**



विदित है कि नगर में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन इंदौर नाका पर अजनार नदी पुल स्थित स्टॉप डेम पर किया जाता है. इन दिनों तेज बारिश के चलते अजनार नदी में पानी का तेज बहाव बना हुआ है जिसके कारण इंदौर नाका स्टॉप डेम पर तरापे लगाकर डेम में पानी नहीं रोका जा सका. इसके आगे रपटे पर पानी को रोक दिया है. पानी का बहाव इतना तेज है कि रपटे के ऊपर से पानी बहकर जा रहा है.

**सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतेजाम-** इंदौर नाका पुल स्थित स्टॉप डेम के यहां प्राचीन घाट पर से प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा. वर्तमान में बारिश का दौर चलने से नदी में पानी का तेज बहाव बना हुआ है इसको देखते हुए इस बार यहां सुरक्षा के कहीं अधिक इंतेजाम किया जाना होगा. नपा, पुलिस प्रशासन का अमला यहां तैनात रहेगा. साथ ही तैराक एवं बचाव दल के सदस्य भी यहां मौजूद रहेंगे.

### प्रतिमा विसर्जन हेतु तैयारियां शुरू

**सारंगपुर 04 सितम्बर, सं.** गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा कालीसिंध नदी स्थित विसर्जन कुण्ड एवं समीप बने घाट का निरीक्षण कर सफाई कार्य के साथ ही बढ़ते जल स्तर के कारण निकाय उपयंत्री विक्की ब्राहम्णे एवं अरूण गौड व प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सतीश कंडारे को निर्देशित करते हुए आवश्यकता पड़ने पर जेसीबी की मदद से मूर्ति विसर्जन की बात कही. विसर्जन स्थल के आस-पास की सफाई व कचरा हटाने हेतु निर्देशित किया. जिससे मूर्ति विसर्जन हेतु आने वाले आमजन व भक्तों को परेशानी न हो.


